एक नजर में

रेडक्रॉस सप्ताह अंतर्गत खकनार में नि :शुल्क स्वास्थ्य और नेत्र परीक्षण शिविर में 48 की जांच

बुरहानपुर। भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा बुरहानपुर द्वारा रेडक्रॉस सप्ताह के अंतर्गत रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रए खकनार में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ.रश्मिबाला वर्मा, डॉ.योगेश महाजन, डॉ.प्यारेसिंह वास्कले तथा नेत्र चिकित्सा सहायक श्री पगारे द्वारा ग्राम रगई, पांगरी,धाबा, जमनिया, बिजोरी एवं खकनार से आए करीबन 48 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। मरीजों को नि:शुल्क दवाइयां वितरित की गईं एवं आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन श्री सुमित बोरलेए सचिव एम.एस.देवके,प्रबंध समिति सदस्य संतोष श्रॉफ, मनोज टंडन, शांताराम महाजन, प्रवीण पाटिल सहित अन्य सदस्यों द्वारा सक्रिय सहयोग प्रदान किया गया।

काजल दिगम्बर जैन युवा महिला शाखा अध्यक्ष

बुरहानपुर। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा महासभा ;नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष विकेश जैन के निर्देशानुसार जिला बुरहानपुर में महिला शाखा का गठन काजल जैन कासलीवाल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें संरक्षक.शोभा जैन पटवारी, अंजली जैन पाटनी, ज्योति जैन पहाड़िया, मधु जैन ठोलिया, भावना जैन हूमड़ए राखी जैन सेठी, कनक जैन बड़जात्या, उषा जैन गंगवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष. रितु जैन लुहाड़िया, श्वेता जैन, उपाध्यक्ष.अंजू जैन ठोलिया, रुचिका जैन कासलीवाल, महामन्त्री. मनीला जैन सेठी, संगठनमन्त्री. आस्था जैन कासलीवाल,सपना जैन हूमड़ए राखी जैन लुहाड़िया, कोषाध्यक्ष.पराग जैन बड़जात्या, सहमन्त्री.स्मिता जैन गंगवाल, शीतल जैन काला, चिंकल जैन पाटनी, छात्र शाखा प्रभारी. ख्याति जैन सोनी, प्रदेश प्रतिनिधि. नूतन जैन लुहाड़िया, आरती जैन बड़जात्या, राष्ट्रीय प्रतिनिधि.नीलिमा जैन सेठी को दायित्व प्रदान किया गया। प्रारंभिक चरण में ग्रीष्मकाल में पशु.पक्षियों के लिए पेयजल की व्यवस्था, प्याऊ खुलवाना, वृक्ष संरक्षण तथा जनगणना कार्य में सहयोग प्रदान करना रखा गया है। सम्पूर्ण भारतवर्ष में यह पहली महिला शाखा गठित हुई है। यह गौरव की बात है। जिला बुरहानपुर में महिला शाखा के गठन का स्वागत करते हुए श्रीमती इन्द्रा सुरेन्द्र जैन भारती ने कहा कि मातृशक्ति समाज संरक्षण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उसके लिए नेतृत्व प्रदान करना आवश्यक है। घर.परिवार, समाज से लेकर संसद तक नारी समाज का प्रतिनिधित्व होना चाहिए तभी उन्नति के द्वार खुलेंगे और नारी सशक्त बनेगी।

मारवाड़ी युवा मंच चेतना महिला शाखा बुरहानपुर की नवीन कार्यकारिणी घोषित

बुरहानपुर। मारवाड़ी युवा मंच चेतना महिला शाखा बुरहानपुर के समस्त पदाधिकारी,वरिष्ठ सदस्य एवं कोर कमेटी सदस्या सुषमा लाठ, संगीता लड्डा,नीलम मित्तल,रूपल मूंदड़ा द्वारा सर्व सम्मति से नई कार्यकारिणी घोषित की गई। मंच के प्रचार मंत्री रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि अध्यक्ष रानी पारिक,उपाध्यक्ष वर्षा लाठ,द्वितीय उपाध्यक्ष अमृता जैन ,सचिव काजल जैन ,सह सचिव फाल्गुनी शर्मा ,कोषाध्यक्ष परिणिति शर्मा,सह कोषाध्यक्ष मीनल पारिक को मनोनीत किया गया है । 21 कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा गायत्री मंत्र का उच्चारण कर प्रोजेक्ट का शुभारम्भ किया गया स नविन कार्यकारिणी द्वारा इस सत्र के प्रथम प्रोजेक्ट के अंतर्गत खड्कोद स्थित गौशाला जमुना कुंज में गौ सेवा कार्य किया गया । इसके अंतर्गत सभी गायों को 102 किलो के लड्डू एवं केले खिलाए गए और उपस्थित महिलाओ द्वारा गौ सेवा में अपनी अपनी स्वेच्छा से दान पुन्य भी दिया गया। इस अवसर पर चेतना महिला शाखा की रेनू लाड,रश्मि अग्रवाल ,रजनी गट्टानी एवं शोभा जैन सहित अन्य सदस्या मौजूद थी । नविन कार्यकारिणी को पूर्व पदाधिकारी एवं सचिव स्मिता पलोड़ द्वारा बधाई प्रेषित की गई और सभी द्वारा संकल्प लिया गया की आगे और भी कई प्रोजेक्ट के माध्यम से सेवा कार्य किया जायेगा।

कृषक कल्याण वर्ष : ई-विकास और उर्वरक वितरण प्रणाली की दी विस्तृत जानकारी

बुरहानपुर। कृषक कल्याण वर्ष के अंतर्गत एवं कलेक्टर श्री हर्ष सिंह के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा विकासखंड खकनार में किसानों के खेतों पर पहुंचकर ई.विकास एवं उर्वरक वितरण प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान किसानों को आगामी फसल सीजन के लिए उपयुक्त फसल एवं किस्मों के चयन को लेकर भी मार्गदर्शन दिया गया। उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके ने किसानों से अपील की कि उर्वरक प्राप्ति हेतु टोकन जनरेट कराने के लिए आधार कार्ड एवं मोबाइल साथ रखें। उन्होंने बताया कि किसान किसी भी सीएससी सेंटरए एमपी ऑनलाइन या स्वयं भी टोकन बनाकर फसल अनुसार उर्वरक प्राप्त कर सकते हैंए जिससे प्रक्रिया पारदर्शी एवं सुगम होगी। किसानों को आगामी सीजन में विशेष रूप से कपास फसल की बुवाई से पूर्व खेत में जिप्सम खाद के उपयोग की सलाह दी गई। जिप्सम के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरता एवं उत्पादन क्षमता में वृद्धि होती है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि एम.एस.देवके, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी प्रताप सिंह जमरे,जे.एस. चौहान,अनिल मेड़ा,अभिषेक पटेल,सचिन मालवीय,प्रधान राठौड़ सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

लायंस क्लब नवीन कार्यकारिणी घोषित

बुरहानपुर। लायंस क्लब बुरहानपुर द्वारा शहर की निजी होटल में एक वार्षिक साधारण सभा आयोजित की गई। जिसमे अध्यक्ष लॉयन मुकेश देवड़ा द्वारा गठित नॉमिनेशन कमेटी लॉयन डॉ.तारीक एलॉयन डॉ.राजेंद्र चापोरकर एवं लॉयन ठाकुर आदित्यवीर सिंह द्वारा वर्ष 2026 .27 की नविन कार्यकारिणी घोषित की गई।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष खंडेलवाल बुरहानपुर आए, संगठन को लेकर की चर्चा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल अपने बुरहानपुर प्रवास दौरान भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री, विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस दीदी के निवास स्थान द्वारकापुरी बुरहानपुर पहुंचे। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा जिले की संगठनात्मक रचना, कार्यों, गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की।

खंडेलवाल के समक्ष प्रदेश प्रवक्ता पूर्व मंत्री, विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, संगठन महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधी विरेन्द्र तिवारी, बुरहानपुर जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधी प्रदीप पाटील , वरिष्ठ भाजपा नेता बलराज नावानी द्वारा जिले के विकास कार्यो एवं अधोसंरचना, बुरहानपुर का इतिहास सहित अनके विषयों पर चर्चा की।

उपरोक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला मिडिया प्रभारी मुकेश गुलाबचंन्द पुर्वे ने बताया कि इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने,जिला महामंत्री चिंतामन महाजन,ईश्वर चौहान, महापौर माधुरी अतुल पटेल, अनुसूचित जाति मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा कास्डेकर, भाजपा नेता अमित मिश्रा, श्रीमती राखी अमित मिश्रा, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल जाधव, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अजहर उल हक, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि वीरेंद्र जी तिवारी,जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल ,वरिष्ठ भाजपा नेता बलराज जी नावानी, पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल, जिला कोषाध्यक्ष कैलाश पारीक, मंडल अध्यक्ष रवि काकडे , चिंटू राठौर, नितिन जी महाजन, जिला मंत्री सुनिल वाद्ये, प्रदीप जी कसेरा ,रूद्रेश्वर एन्डोले, सुधा चौकसे, सावित्री बत्रा,महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संध्या कदवाने, सुवर्णा पाटिल,मंडल महामंत्री निलेश सोनी, प्रसाद जी उमाले, सरपंच शाहिद , सचिन मंडलकर ,बंटी हासानंदानी, सहित जिला पंचायत, जनपद पंचायत,पार्षद, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठों के पदाधिकारी,कार्यकर्ता आदि बड़ी संख्या में मौजूद थे।

सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के भाई के निधन पर शोक व्यक्त करने बोहरड़ा पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल

बुरहानपुर। खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटील के अनुज स्वर्गीय विश्वनाथ पाटील बाडू भाई के दु:खद निधन के बाद शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु रविवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खंडेलवाल जी उनके निज निवास ग्राम बोहरड़ा पहुंचे। इस दौरान श्री खंडेलवाल ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और परिवार को इस कठिन समय में संबल दें। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा प्रवक्ता ,पुर्व मंत्री, बुरहानुपर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस , भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज जी माने, खरगोन जिला प्रभारी संगीता सोनी,जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, ईश्वर चौहान, संजय जाधव ,पुर्व जिलाध्यक्ष दिलिप भाई श्रॉफ, पूर्व महापौर अतुल भाई पटेल,अनिल भोसले, खंडवा पुर्व जिलाध्यक्ष हरीश कोटवाले ,मनोज टंडन सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सांगठन पदाधिकारी उपस्थित थे।

डाक विभाग का चौपाल कार्यक्रम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । भारत सरकार के डाक विभाग द्वारा आयोजित डाक चौपाल कार्यक्रम का आयोजन ऐतिहासिक नगरी बुरहानपुर में गरिमामयी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जितेंद्र गुप्ता, महानिदेशक डाक सेवाएं, नई दिल्ली की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान गुप्ता ने डाक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, जन सुविधाओं के विस्तार तथा विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर प्रकाश डाला। उन्होंने विभाग के उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर 'सुकन्या समृद्धि योजना' के हितग्राहियों को पासबुक वितरित की गईं, जिससे योजना के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा लाभार्थियों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ। कार्यक्रम में सेवा सदन शिक्षा सोसायटी,बुरहानपुर के अध्यक्ष श्रीमती तारिका वीरेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा श्री जितेंद्र गुप्ता, महानिदेशक डाक सेवाएं, नई दिल्ली का सम्मान किया।

कार्यक्रम में गौरव श्रीवास्तव, पोस्टमास्टर जनरल, इंदौर परिक्षेत्र, आर.एस. रघुवंशी, निदेशक डाक सेवाएं, इंदौर परिक्षेत्र एवं श्री शाह सागर नैलेश प्रवर अधीक्षक डाकघर खंडवा संभाग की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। डाक चौपाल कार्यक्रम के माध्यम से आम नागरिकों और डाक विभाग के बीच संवाद को सशक्त बनाने तथा सेवाओं को और अधिक जनहितकारी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की गई।

खकनार में पुलिया के नीचे छुपाए 250 किलो सलई गोंद के 10 कट्टे जब्त

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। खकनार वन परिक्षेत्र में अवैध वन उपज तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। मुखबिर की पुख्ता सूचना पर वन टीम ने दांतपहाड़ी.खकनार.बुरहानपुर मार्ग पर घेराबंदी की। कार्रवाई की भनक लगते ही वाहन चालक गोंद की बोरियां रास्ते में छुपाकर वाहन सहित फरार हो गया। बाद में वन विभाग की टीम ने ग्राम धाबा के पास कच्चे मार्ग की पुलिया के नीचे छुपाकर रखे गए सलई गोंद के 10 कट्टे कुल 250.900 किलो जब्त किए।

जानकारी के अनुसार वनमंडलाधिकारी बुरहानपुर एवं उपवनमंडलाधिकारी बुरहानपुर के निर्देशन में वन विभाग को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम दांतपहाड़ी से शाम करीब 4रू30 बजे एक वाहन अवैध रूप से गोंद लेकर निकलने वाला है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए वन परिक्षेत्राधिकारी खकनार रितेश कुमार उईके के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

टीम में वनरक्षक श्रीमती रूपा मुडियाए दुर्गेश तोमरए सुरेश दांगीए कचरू गुर्जर सहित अन्य वन स्टाफ और सुरक्षा श्रमिक शामिल रहे। टीम ने दांतपहाड़ी.खकनार.बुरहानपुर मार्ग पर रणनीतिक तरीके से घेराबंदी की।

घेराबंदी देख बदला रास्ताए माल छुपाकर भागा चालक :- वन विभाग की कार्रवाई की भनक लगते ही संदिग्ध वाहन चालक ने बचने का प्रयास किया। बताया जा रहा है कि चालक ने गोंद की बोरियां रास्ते में छुपा दीं और वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। टीम ने आसपास के क्षेत्र में खोजबीन शुरू की और मुखबिर तंत्र को फिर सक्रिय किया। कुछ देर बाद वन विभाग को दोबारा सूचना मिली कि ग्राम धाबा के पास कच्चे मार्ग की पुलिया के नीचे सलई गोंद की बोरियां छुपाकर रखी गई हैं।

रात 12.30 बजे पुलिया के नीचे मिली गोंद की खेप:- सूचना पर वन टीम ग्राम धाबा के पास पहुंची और कच्चे मार्ग की पुलिया के नीचे छानबीन की। तलाशी के दौरान रात करीब 12रू30 बजे पुलिया के नीचे से सलई गोंद के 10 कट्टे बरामद हुए। जब्त वन उपज का कुल वजन 250ण्900 किलो बताया गया है। वन विभाग के अनुसारए प्राथमिक रूप से संभावना है कि गोंद तस्कर घेराबंदी से घबराकर माल को सुनसान मार्ग पर पुलिया के नीचे छुपाकर वाहन सहित भाग निकला।

वन संपदा की अवैध निकासी पर विभाग सख्त:- वन विभाग ने जब्त गोंद को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। फरार वाहन चालक और इसमें शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए जांच की जा रही है। वन विभाग अब यह पता लगाने में जुटा है कि गोंद कहां से लाया गया था और इसे किस स्थान पर पहुंचाया जाना था। यह कार्रवाई वन उपज की अवैध निकासी और तस्करी पर विभाग की सख्ती को दर्शाती है। खकनार क्षेत्र में वन संपदा के अवैध दोहन पर निगरानी बढ़ा दी गई है।

झोन सोशियो में चमका लायंस क्लब बुरहानपुर, 17 अवॉर्ड पर किया कब्जा

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । लायंस क्लब इंटरनेशनलए जिला 3233 जी.1 के रीजन 11ए झोन 2 का वार्षिक झोन सोशियो खंडवा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ । चेयरपर्सन लायन प्रेरणा दुबे के नेतृत्व में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में वर्ष 2025.26 के दौरान उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए विभिन्न पदाधिकारियों एवं सदस्यों को सम्मानित किया गया । क्लब के प्रवक्ता रामकुमार अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रथम वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर निर्वाचित लायन राम जाट, विशेष अतिथि लियो लायन माइक्रो कैबिनेट लायन प्रियंका गुजरातीए पीडीजी लायन रणधीर सिंह चावलाए पीडीजी डॉ. ईश्वर लाल मूंदड़ा, निमाड़.धार डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर लायन मानक वडनेरे एवं रीजन चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय की गरिमामयी उपस्थिति रही । कोषाध्यक्ष पुष्पा मुंदड़ा ने अवगत कराया की इस अवसर पर लायंस क्लब बुरहानपुर ने अपने उत्कृष्ट सेवा कार्यों की बदौलत कुल 17 अवॉर्ड जीतकर विशेष उपलब्धि हासिल की । क्लब को मधुमेह जांच एवं जागरूकता शिविर में उल्लेखनीय योगदान के लिए सर्वश्रेष्ठ क्लब घोषित किया गया। जो पूरे झोन के लिए प्रेरणादायक रहा स

प्रमुख पुरस्कार विजेता सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष लायन मुकेश देवड़ा, सर्वश्रेष्ठ सचिव लायन ऐजाज गफ्फार खान, अति सर्वश्रेष्ठ कोषाध्यक्ष लायन पुष्पा मूंदड़ा, सर्वश्रेष्ठ उपाध्यक्ष लायन तरीका सिंह ठाकुर,सर्वश्रेष्ठ उपाध्यक्ष लायन डॉ.राजेंद्र चापोरकर, सर्वश्रेष्ठ सहसचिवलायन अशोक लोहिया, प्राईड ऑफद जोन लायन आजम राही, लायन मनीष पटेल, सीक्रेट सुपर स्टार ऑफद झोन लायन डॉ.हुमायूं दाऊद, झोन गौरव रत्न सम्मान लायन ओम प्रकाश पारीख, लायन राजकुमार खंडेलवाल, लायन सतीश अग्रवाल, लायन डॉ. एस. एम. तारिक, प्रेरणा स्तंभ सम्मान लायन पुष्पा मूंदड़ा, बेस्ट ड्रेस फीमेल लायन पुष्पा मूंदड़ा ,साथ ही बुरहानपुर के वरिष्ठ पीडीजी लायन डॉ.ईश्वर लाल मूंदड़ा को विशिष्ट स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। जो कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहा । कार्यक्रम में लायंस क्लब खंडवा, हरसूद प्रेरणा, बुरहानपुर, हरसूद युवांश, खंडवा ओजस, खंडवा आनंद, मूंदी एवं महेश्वर क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

परिचय सम्मेलन की स्मारिका पुस्तक का विमोचन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । सकलपंच गुजराती मोढ़ वणिक समाज ट्रस्ट बुरहानपुर द्वारा आयोजित परिचय सम्मेलन की स्मारिका ;पुस्तक का विमोचन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष श्री रमेश दलालए पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर बताया गया कि परिचय सम्मेलन में शामिल कई प्रतिभागियों के विवाह सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं,जो इस आयोजन की उपयोगिता एवं सफलता को दर्शाता है। समाज द्वारा इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से वैवाहिक परिचय को सुदृढ़ बनाने का प्रयास सराहनीय बताया गया। समारोह में उपस्थित सदस्यों ने इस पहल की प्रशंसा करते हुए इसे समाज में आपसी समन्वय और सहयोग बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

एक नजर बड़गांव से तुरकगोराड़ा ग्रीड तक 33 केवी विद्युत लाइन के अधूरे कार्य को प्राथमिकता के आधार पर करें शीघ्र पूर्ण

वोल्टेज समस्या के स्थायी समाधान के लिए चिटनिस ने अधिकारियों को दिए निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर । जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लंबे समय से बनी वोल्टेज समस्या को गंभीरता से लेते हुए विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस ने उच्चाधिकारियों के साथ ग्राम फोफनार एवं तुरकगोराड़ा क्षेत्र का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बड़गांव से तुरकगोराड़ा ग्रीड तक 33 केवी विद्युत लाइन के अधूरे कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा गुणवत्ता और निर्धारित समय.सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रदीप पाटिल, कृषि समिति अध्यक्ष किशोर पाटिल, नितीन महाजन,दत्तु महाजन, वैभव महाजन, शैलेन्द्र महाजन, ईश्वर महाजन, कडु चौधरी, विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री कुंवरसिंह मालवीय, कार्यपालन यंत्री जितेन्द्र कुमार पाल, कनिष्ठ यंत्री नसीम अंसारी, विद्युत विभाग के अधिकारीगण, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। श्रीमती चिटनिस ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की प्रगति की विस्तृत जानकारी ली और तकनीकी सुधारों के निर्देश भी दिए।

ग्राम फोफनार स्थित विद्युत केंद्र पर अत्यधिक दबाव के कारण आसपास के 5 से 7 गांवों में कम वोल्टेजए बिजली के उतार.चढ़ाव और अनियमित आपूर्ति की समस्या बनी हुई थी,जिससे किसानों, ग्रामीणों और छोटे व्यवसायियों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था।

इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए श्रीमती अर्चना चिटनिस के प्रयासों से वर्ष 2018 में ग्राम तुरकगोराड़ा में 33ध्11 केवी विद्युत उपकेंद्र की स्थापना स्वीकृत हुई थी, जिसका निर्माण लगभग 2.25 करोड़ रुपए की लागत से पूर्ण हो चुका है। प्रारंभ में शासकीय भूमि उपलब्ध नहीं होने के कारण परियोजना लंबित रहीए लेकिन निरंतर प्रयासों से भूमि उपलब्ध कराकर कार्य को पूर्ण कराया गया।

वर्तमान में फोफनार ग्रीड से तुरकगोराड़ा उपकेंद्र को विद्युत आपूर्ति दी जा रही है, किंतु अत्यधिक लोड के चलते वोल्टेज समस्या बनी हुई है। ऐसे में बड़गांव से तुरकगोराड़ा तक 33 केवी लाइन का शीघ्र पूर्ण होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे लोड का संतुलन हो सके और विद्युत आपूर्ति में सुधार आए।

उपकेंद्र के पूर्ण रूप से संचालन में आने के बाद बड़सिंगी, मैथा.खारी, भावसा, एकझिरा, चिड़ियापानी, बोरगांव, संग्रामपुर,पिपरी सहित अनेक गांवों को स्थिर एवं सुचारू बिजली आपूर्ति मिलेगी। इससे वोल्टेज की समस्या के साथ.साथ ट्रिपिंग और बार.बार बिजली बाधित होने जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि बुरहानपुर क्षेत्र में केला, गन्ना, कपास और हल्दी जैसी नगदी फसलों का व्यापक उत्पादन होता हैए जिसके लिए नियमित और पर्याप्त बिजली आपूर्ति अत्यंत आवश्यक है। इस परियोजना के पूर्ण होने से किसानों को सिंचाई में सुविधा मिलेगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।